# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22

कक्षा -11 वीं

विषय-हिन्दी

समय - 3 घण्टा  पूर्णांक 80

---

निर्देश - 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्नों पर आबंटित अंक उनके सामने दिया गया है।

---

प्रश्न.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया। विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है। हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे दोषों और त्रुटियों से हमें बचायेंगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे। जब हम हतोत्साहित होंगे तब हमें उत्साहित करेंगे। सारांश यह है कि हमें उत्तमतापूर्वक जीवन का निर्वाह करने में हर तरह से सहायता देंगे। सच्ची मित्रता में उत्तम से उत्तम वैद्य की सी निपुणता और परख होती है। अच्छी से अच्छी माता की सी धैर्य और कोमलता होती है। ऐसी ही मित्रता करने का प्रयास प्रत्येक युवा पुरूष को करना चाहिए।

प्रश्न.1 किसे खजाने के समान समझना चाहिए । (2)

2. जीवन की औषदि किसे कहा गया है? (2)

3. हमें अपने मित्रों से कैसी आशा रखनी चाहिए ? (2)

4. सच्ची मित्रता की क्या विशेषता है? (2)

5. मित्रता शब्द में प्रयुक्त शब्द और प्रत्यय लिखिए । (1)

6. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए (1)

प्रश्न.2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मृदु मिट्टी के है बने हुए, घट मधु फूटा ही करते हैं,
लघु जीवन लेकर आए हैं, प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अंदर, मधु के घट है, मधु प्याले है
जो मादकता के मारे है, वे मधु लुटा ही करते हैं।
वह कच्चा पीने वाला है, जिसकी ममता घट प्यालों पर
जो सच्चे प्रभु से जला हुआ कब रोता है चिल्लाता है
जो बीत गयी सो बात गई।

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न. 1. मृदु मिट्टी के है बने हुए के दो अर्थ बताइये । (1)

2. लघु जीवन किसका होता है? (1)

3. मादकता के मारे का यहाँ क्या आशय है? (1)

4. कच्चा पीने वाला तथा सच्चे मधु से जला हुआ का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए (1)

5. इस काव्यांश का शीर्षक दीजिए (1)

6. इस काव्यांश का मुख्य भाव/ सार लिखिए (1)

प्रश्न.3 निम्नलिखित में से कसी एक विषय पर निबंध लिखिए (8)

1. राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान

2. भारत की राष्ट्रीय एकता

3. संचार क्रांति और भ:रत

4. प्रदूषण की समस्या

प्रश्न.4 एक पत्र अपने पिता को लिखिए जिसमें पुस्तके खरीदने के लिये रूपये भेजने की प्रार्थना की गई हो। (4)

अथवा

आपका मित्र बोर्ड परीक्षा में प्रथम घोषित किया गया । इस अवसर पर उसे बधाई पत्र लिखिए ।

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए । (9)

1. पत्रकारिता क्या है?

2. समाचार क्या है?

3. संपादन क्या है?

4. विशेष लेखन क्या है?

5. हिन्दी में प्रसारण करने वाले किन्ही दो चैनलों के नाम लिखिए ।

6. हिन्दी में प्रकाशित होने वाले दो समाचार पत्रों के नाम लिखिए ।

7. अंग्रेजी में प्रकाशित ह ाने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों के नाम लिखिए ।

8. जनसंचार का सबसे पुराना माध्यम क्या है?

9. भारत में पहला छापाखाना कब व कहाँ खुला?

प्रश्न.6 आपके विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए (3)

अथवा

नीम के गुणों का बखान करते हुए एक फीचर लिखिए ।

प्रश्न.7 सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबों का प्रयोग हुआ है? (2)

प्रश्न.8 पानी के रात भर गिरने और प्राण मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है? (2)

प्रश्न.9 . चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे? (2)

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न.10 किन दो दृश्यों में दर्शक यह पहचान नहीं पाते कि उनकी शूटिंग में कोई तरकीब अपनाई गई है? (3)

प्रश्न.11 शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? (3)

प्रश्न.12 राजस्थान में कुई किसे कहते हैं? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुओं की गहराई और व्यास में क्या अंतर है? (3)

प्रश्न.13 आलो आंधारि रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे हैं। किन्ही दो प्रमुख समस्याओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (3)

प्रश्न.14 कहानी के लगभग सभी पात्र समाज की किसी न किसी सच्चाई को उजागर करते हैं। निम्नलिखित पात्रों के संदर्भ में पाठ के उस अंश को उद्दत करते हुए बताइए कि यह समाज की किस सच्चाई को उजागर करते हैं? (4)

(क) वृद्ध मुंशी (ख) वकील (ग) शहर की भीड़

प्रश्न.15 कुंई निर्माण से संबंधित निम्न शब्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करें (4)

(क) पालर पानी (ख) पाताल पानी (ग) रेजाणी पानी

प्रश्न.16 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4)

घर कि घर में चार भाई, मायके में आई बहने
बहन आई बाप के घर, हाय रे परिताप के घर
घर कि घर में सब जुड़े हैं, सब कि इतने कब जुड़े हैं
चार भाई, चार बहनें, भुजा भाई प्यार बहने।

(1) कवि के कितने भाई बहन है।
(2) कवि ने हाय रे परिताप के घर क्यों कहा है?
(3) सावन महीने में बहने कहाँ आई हुई है?
(4) कवि के भाई और बहने कैसे हैं?

प्रश्न.17 निम्नलिखित काव्यांश की संदर्भ, प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिए । (5)

(अ) उस दिन चंपा आई, मैंने कहा कि
चम्पा तुम भी पढ़ लो, हारे गाढ़े काम सरेगा
गाँधी बाबा की इच्छा है, सब जन पढ़ना लिखना सीखे
चंपा ने यह कहा कि मैं तो नहीं पढ़ूंगी
तुम तो कहते थे गाँधी बाबा अच्छे हैं,
वे पढ़ने लिखने की कैसे बात कहेंगे, मैं तो नहीं पढ़ूंगी।

अथवा

(ब) कहाँ तो तय था चिरागां हरेक घर के लिए,

https://www.cgboardonline.com

कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर  के लिए
यहाँ दरख्तो के साये में धूप लगती है,
चलो यहाँ से चले और उम्र भर के लिए।

प्रश्न.18 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए (5)

मोहन उनका चहेता शिष्य था। पुरोहित खानदान का कुशाग्र बुद्दि का बालक पढ़ने में ही नहीं, गायन में भी बेजोड़। त्रिलोक सिंह मास्टर ने उसे पूरे स्कूल का मॉनीटर बना रखा था। वही सुबह सुबह हे प्रबो आनंद दाता। ज्ञान हमको दीजिए । का पहला स्वर उठाकर प्रार्थना शुरू करता था। मोहन को लेकर मास्टर त्रिलोक सिंह को बड़ी उम्मीदे थी। कक्षा में किसी छात्र को कोई सवाल न आने पर वही सवाल वे मोहन से पूछते और उनका सही अनुमान निकलता। मोहन ठीक ठीक उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट कर देता।

1. मोहन किसका चहेता शिष्य था और क्यों ?
2. मास्टर त्रिलोक सिंह ने किसे स्कूल का मॉनीटर बनाया था? उसका स्कूल में प्रतिदिन पहला कार्य क्या होता था?
3. मास्टर त्रिलोक सिंह को किससे और क्यों उम्मीदे थी?
4. कक्षा में किसी सवाल का उत्तर न प्राप्त होने की स्थिति में अन्तत: मास्टर साहब किससे उस सवाल का हल पूछते थे? उनका उस छात्र के प्रति क्या अनुमान था?
5. मोहन कैसे और किसको सन्तुष्ट कर देता था ?

-00-

https://www.cgboardonline.com